तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025



12 सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, जनसुरक्षा व पशु की...


10 9 करोड़ रुपए की लागत से होगा शहर का विकास...



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# निजी भूमि पर अवैध खनन, राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर के आसपास 20 से 25 गांव में निजी भूमि पर अवैध खनन का करोड़ों रुपए का व्यापार संचालित हो रहा है। ग्रामीणों से जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग लगातार कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को ग्राम पेंड्रावन में किसान की निजी भूमि पर अवैध खनन का कार्य किया जा रहा था। जिसकी सूचना भूस्वामी और ग्रामीणों द्वारा राजस्व विभाग को दिया गया। राजस्व विभाग के अमले ने मौके पर जाकर अवैध खनन में लगे वाहनों कार्यवाही करते हुए जब्त करके थाना परपोड़ी को सुपुर्द किया।

## जुर्माना पटाने के बाद वाहनों को छोड़ा गया

### अवैध खनन, परिवहन पर लगा जुर्माना

पूर्व में भी अवैध खनन कार्य एवं परिवहन करते वाहनों को पकड़ा गया था। जिसे कलेक्ट्रेट के खनिज शाखा के सूचना पत्र क्रमांक 635 / ख. नि.लि./ खनिज/ 2025 के आधार पर खनिज अधिकारी के हस्ताक्षर से हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 07, सीए 8511 एवं जेसीबी सीजी 04, एमडी 5245 को छोड़ा गया। इसी प्रकार दूसरे सूचना पत्र में परपोड़ी थाना की अभिरक्षा में रखे गए, वाहन को अर्थ दंड जमा करने पर सूचना पत्र क्रमांक 625/ ख. नि.लि./ खनिज/ 2025 के अंतर्गत छोड़ा गया। मिली जानकारी के अनुसार वाहन का क्रमांक सीजी 04, पी यू 5588 है। सभी छोड़े गए वाहनों पर खनिज विभाग द्वारा जुर्माना लगाया गया था जिसको पटाने के बाद ही वाहनों को छोड़ा गया।

### राजस्व विभाग/भू स्वामी/ ग्रामीण मौजूद रहे

अवैध खनन की कार्यवाही के दौरान राजस्व विभाग से राजस्व निरीक्षक दिलेश्वर प्रसाद कुरेटी, पटवारी विष्णु वर्मा प. ह .न. 06, पटवारी लोकनाथ कश्यप, प. ह .न. 10 मौके पर पहुंचे थे। राजस्व विभाग द्वारा किसानों की सूचना पर तत्काल कार्यवाही किया गया। इसके पूर्व भी ग्राम गभराडीह क्षेत्र में किसान के ▶▶| शेष पेज 11 पर

### वाहन परपोड़ी थाना को किया सुपुर्द

पूर्व में अवैध खनन करते पाए गए वाहन को राजस्व विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए थाना परपोड़ी के सुपुर्द किया था । इन वाहनों को कलेक्ट्रेट के खनिज शाखा में जुर्माना पटाने के पश्चात वाहन मालिक द्वारा सुपुर्दगी के कागजात दिखाने पर छोड़ा गया है। इसी प्रकार बुधवार को ग्राम पेंड्रावन में अवैध खनन में पकड़े गए 01 जेसीबी और 2 हाइवा को राजस्व विभाग ने थाना परपोड़ी को सुपुर्द किया है।

- डी.एल. सोना थाना प्रभारी, परपोड़ी

**निजी भूमि पर अवैध खनन :** ग्राम पेंड्रावन में बुधवार को प. ह .न . 10, राजस्व निरीक्षक मंडल गाड़ाडीह, तहसील देवकर में भूस्वामी बुधराम पिता गंगाराम के निजी भूमि खसरा नंबर 124/3 के रकबा 0.14 हेक्टेयर भूमि में अवैध खनन किया जा रहा था। अवैध खनन कर्ताओं को मुरूम सहित पकड़ा गया। राजस्व विभाग की कार्यवाही के दौरान ग्रामीण भी मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार जब्त वाहन में जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 04, डी एम 2723, हाइवा वाहन क्रमांक सी जी 07, सी ए 6809, हाइवा वाहन क्रमांक सी जी 07, सी ए 7817 शामिल है। विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए वाहनों को परपोड़ी थाना की अभिरक्षा में सौंपा गया है।

## खबर संक्षेप

### सवारी से आटो चालक ने दस हजार निकाले, दो गिरफ्तार



**भिलाई।** सवारी की जेब से आटो चालक व उसका सहयोगी दस हजार रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने बॉम्बे आवास नेहरू नगर भिलाई निवासी मोहम्मद अल्ताफ और निजामी चौक फरीदनगर सुपेला इमरान को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि कैम्प 1 छावनी निवासी संतोष तिवारी अपने बेटे के साथ सुपेला से केम्प-2 छावनी अपने घर आटो में सवार होकर जा रहा था। चंद्रा मौर्या टाकिज के पास आटो चालक बुकिंग में जाने का झांसा देकर दूसरा आटो पकड़ने की हिदायत दी और पीड़ित के जेब से 10 हजार 200 रुपए चोरी कर लिए।

### करंट की चपेट में आने से एक की मौत, दो गंभीर

**भिलाई।** मकान में सोलर पैनल लगाते समय 11 हजार वॉट के बिजली करंट की चपेट में तीन टेक्नीशियन आ गए। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोगों ने घायलों को तुरंत निजी अस्पताल सुपेला में उपचार के लिए भेजा गया। मुआवजे को लेकर परिजन मांग करते रहे, सोलर पैलन की ठेका कंपनी जीएसएमआर द्वारा कैम्प 2 संतोषी पारा के चंद्रप्रकाश के मकान में इंस्टाल किया जा रहा था। हादसा बुधवार की सुबह का है। मिली जानकारी के मुताबिक बलौदा बाजार पताल भैरवी क्षेत्र निवासी महेश साहू, देवेन्द्र यादव, ढलेन्द्र साहू तीनों जीएसएमआर कंपनी के टेक्नीशियन हैं। बुधवार की सुबह चंद्रप्रकाश के मकान में सोलर पैनल स्टाल करने के लिए पहुंचे थे। महेश, देवेन्द्र, ढालेन्द्र पहुंचे। मकान के ऊपर में 11 हजार वोल्ट का केबल ऊपर से गया हुआ था। जिसमें करंट दौड़ रही थी पैनल को स्टाल करते समय तीनों को एक साथ करंट लगा। महेश सीधे नीचे गिर गया जिसे सिर पर गंभीर चोट आई है। देवेन्द्र, ढलेन्द्र भी छत पर गिर पड़े जिसे देख मोहल्ले के लोगों ने तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे।

## परेशानी

### बाबू बढ़ाते जा रहे अगली पेशी की तारीख

# तहसीलदार हड़ताल पर कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

17 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसके चलते जमीन संबंधी काम को लेकर किसानो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के तहसील कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है फरियादी निराश होकर वापस लौट रहे।

तीन दिनों से चरणबद्ध आन्दोलन मे रहने के बाद छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने समूचे प्रदेश में तहसीलदारो के संसाधन नहीं तो काम नहीं के बीच अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने की घोषणा के बाद राजस्व मामलो को लेकर लोग परेशान नजर आ रहे हैं। तहसील कार्यालय मे लोग नकल निकालने, त्रुटि सुधार, आय, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, बटांकन, प्रमाणीकरण, फौती, भूमि सीमांकन तथा अतिक्रमण सहित अन्य राजस्व संबंधित कार्य के लिए तहसील कार्यालय पहुंचे, लेकिन अधिकारियों के नहीं होने के कारण कोई काम नहीं हुआ।तीन दिनों से तहसीलदार व नायब 17 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। 31 जुलाई से तहसीलदारों की अनिश्चित कालीन हड़ताल भी शुरू हो चुकी है। इस कारण तहसील कार्यालय में काम ठप है। हड़ताल के कारण तहसील कार्यालयों में सन्नाटा पसरा हुआ फरियादी भटक रहे है वहीं अर्जीनवीस, स्टाप्प वैंडर व अधिवक्ता भी खाली बैठे है।



### हितग्राही ऑफिस के चक्कर लगाने मजबूर

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांतीय आव्हान पर आज से सभी तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से पूरा राजस्व मामले की सुनवाई प्रभावित हो रहा है। तहसील ऑफिस पर सुनवाई के लिए आवेदन लंबित थे मगर तहसीलदार के केबीन खाली रहने से सुनवाई नहीं हो सका लोगों को आगली तारीख दे दी गई लेकिन हड़ताल के कारण इन मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही। हालांकि राजस्व संबंधित कार्य के लिए आवेदन करने के साथ पेशी की तारीख जानने के लिए गिने-चुने पक्षकार एवं वकील तहसील ऑफिस पहुंचे रहे है। हितग्राहियों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से तहसील ऑफिस के चक्कर लगाना पड़ रहा है। यहां आकर पता चला कि तहसीलदार हड़ताल पर हैं। ईधर राजस्व निरीक्षक व पटवारीयो को भी खाली रहना पड रहा है सीमांकन प्रतिवेदन व विभिन्न राजस्व कार्यो के निपटारे मे लेट लतीफी हो रहा है, इस प्रकार तहसीलदारो के हडताल मे चले जाने से राजस्व कामो मे काफी बाधा पहूंच रही है।

# स्कूल से लौटते समय संदिग्ध हालात में मिली शिक्षक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



हेमाबंद स्कूल में पदस्थ शिक्षक की गुरुवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लतपथ सड़क मृत अवस्था सड़क पर गिरा हुआ पाया गया। मृतक शिक्षक सतीश रॉय (45 वर्ष) अपनी स्कूटी से खंडसरा स्थित ग्राम हेमाबंद स्कूल से बेमेतरा स्थित घर लौट रहे थे। रास्ते में करचुवा गांव के पास वे लहूलुहान हालत में स्कूटी सहित सड़क किनारे पड़े मिले। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची खण्डसरा पुलिस ने शिक्षक को तत्काल अस्पताल भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सतीश रॉय के गाल और गले के बीच गहरे चोट के निशान मिले हैं, जिससे मामला संदिग्ध हो गया है।

- गाल और गले पर थे गहरे चोट के निशान, हत्या या हादसा जांच में उलझी पुलिस

घटना करीब शाम 4.15 बजे की बताई जा रही है। मौके की स्थिति देखकर यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह सड़क दुर्घटना है या किसी ने उनकी हत्या की है। परंतु आशंका जताई जा रही है कि मृत शिक्षक की हत्या की गई है । बहरहाल पुलिस दोनों एंगल पर जांच करने की बात कह रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बेमेतरा जिला अस्पताल भेजा है। एसडीओपी मनोज तिर्की ने कहा कि फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी। जांच सभी एंगल से की जा रही है।

# नवागढ़ में बदहाल सड़क की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बावली पारा से सुकुल पारा तक की बदहाल सड़क की खबर सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

उनके साथ पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी भी मौजूद थे। सुकुल पारा चौक, राजीव गांधी चौक, और शंकर नगर मार्ग पर गड्ढों को तत्काल भरवाया गया। अध्यक्ष ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम में प्राथमिकता के आधार पर सभी जर्जर सड़कों की मरम्मत की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने कहा कि हम नागरिकों की समस्याओं को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं। जैसे ही हमें जानकारी मिली, हमने तत्काल कार्रवाई शुरू करवाई। फिलहाल अस्थायी मरम्मत की गई है, बरसात के बाद स्थायी सुधार कार्य कराया जाएगा।

सड़क की मरम्मत होते देख स्थानीय नागरिकों ने संतोष जताया, लेकिन साथ ही यह भी मांग की कि सड़क का स्थायी डामरीकरण कराया जाए ताकि हर साल इसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।



# जिले में कार्यरत एसआई गुहाराम के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस विभाग में कार्यरत सहायक उप निरीक्षक गुहाराम वारे के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उन्हें भाव पूर्ण विदाई दी गई ओर श्री वारे के स्वस्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना किए की वे अब अपने परिवार को भरपूर समय दे पाएंगे। उल्लेखनीय है कि सहायक उप निरीक्षक गुहाराम वारे ने पुलिस विभाग में लगभग 39 वर्ष अपनी सेवाएं दी। इस दौरान जिला दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के विभिन्न थाना/चौकी में अपनी सेवा प्रदान की। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। एसएसपी ने कहा कि पुलिस विभाग में सेवा के दौरान अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अपने सेवा के दौरान सहायक उप निरीक्षक श्री वारे ने मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई सेवा के दौरान अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए कार्य किये। ज्ञात हो कि सहायक उप निरीक्षक गुहाराम वारे सन 1987 में आरक्षक के पद पर जिला दुर्ग में भर्ती हुए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह,डीएसपी ▶▶| शेष पेज 11 पर

# साजा कालेज के दीवारों में आई दर्जनों जगह दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा



पंडित देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय साजा की दर्जनों स्थानों पर दरार आने से विद्यार्थियों के लिए खतरा व दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहें है। बता दें कि साजा महाविद्यालय की भवन सालों पुराने होने के बाद अब अपना चरम सीमा की नींव छोड़ने लगे है। वर्तमान में वर्षा ऋतु का समय चल रहे है। लगातार बारिश होने पर अब महाविद्यालय की भवन सिपेच व शीलन आने लगे है।

जिससे छत व दीवालों की प्लास्टर अपना सतह छोड़ने लगे है तो कई जगह दर्जनों स्थानों पर दरारें आ गए है। साथ ही सीपेज के कारण जगह-जगह काई जम गए है। इसी के चलते प्लास्टर उखड़ने को लगे है। महाविद्यालय में रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी का आना जाना व कक्षा में होना बड़ी दुर्घटना होने की संभावना हो सकती है। इसके बावजूद मरम्मत व डिस्मेंटल की ओर तनिक ध्यान न देना बड़ी दुर्घटनाओं का इंतजार में होना लोगों में सवाल खड़ा हो रहे है। इसके अलावा महाविद्यालय में पेय जल की किल्लत की बात हो या फिर शौचालय में साफ-सफाई के साथ पानी की कमी होना बड़ी समस्या बन गया है।


## लॉकर तोड़ने की कोशिश नाकाम, बीते दिनों दो घरों में जेवर चोरी के बाद अब बैंक को बनाया निशाना


# प्रतापपुर सहकारी बैंक में रात के अंधेरे में सेंधमारी, सीसीटीवी के पार्ट्स चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात प्रतापपुर स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में अज्ञात चोरों ने चोरी की नीयत से सेंधमारी का प्रयास किया। चोरों ने सबसे पहले बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को निष्क्रिय करने की योजना के तहत उनके अहम हिस्से चुराकर सिस्टम को ठप कर दिया। इसके बाद वे भीतर घुसकर लॉकर तोड़ने की कोशिश करने लगे, मगर वह अपने मंसूबों में नाकाम रहे।

घटना की जानकारी गुरुवार सुबह बैंक कर्मियों के पहुंचने पर सामने आई। लॉकर को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई थी, लेकिन तिजोरी पूरी तरह सुरक्षित रही। घटना की सूचना मिलते ही नवागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बैंक परिसर की बारीकी से जांच शुरू कर दी। बैंक प्रबंधक हीरालाल चंद्राकर ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, बैंक के सीसीटीवी कैमरे तोड़कर डिवाइस के जरूरी पार्ट्स ले जाए गए हैं, जिससे चोरों की पहचान मुश्किल हो रही है। लॉकर को नुकसान पहुंचाया गया है, लेकिन धन या दस्तावेज की हानि नहीं हुई है। फिलहाल बैंक में हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।





### बीते दिनों दो घरों में हुई थी जेवरात की चोरी, पुलिस पर उठ रहे सवाल

नवागढ़ क्षेत्र में बीते दिनों ललित विद्यालय के पास दो घरों में सेंधमारी कर लाखों के जेवरात चोरी किए गए थे। अब बैंक को निशाना बनाए जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद पुलिस की गश्त और निगरानी को लेकर आम जनता में नाराजगी है।

### पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया, जल्द खुलासे का दावा

नवागढ़ थाना प्रभारी अलील चंद ने बताया कि बैंक परिसर और आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। तकनीकी टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह एक संगठित चोरी की कोशिश नजर आ रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

### जनप्रतिनिधियों ने की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

नगर पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष सिद्धान्त चौहान ने नवागढ़ पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने, मुख्य चौराहों पर हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे लगाने और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच शुरू करने की मांग की है।

# सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में डॉ. मेघेश तिवारी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में दंडी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के द्वितीय दिव्य चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान के अवसर पर रविवि के कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य एवं विप्र कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य, डॉ. मेघेश तिवारी का शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।डॉ. मेघेश तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश तिवारी के बड़े भाई हैं। सलधा में दंडी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के द्वितीय दिव्य चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान अवसर पर आयोजित समारोह में सरस्वती महाराजश्री ने अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया। डॉ. मेघेश तिवारी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह लगातार दूसरा वर्ष है जब सम्मान के रूप में दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज जी का आशीर्वाद मिला है। उनके करकमलों प्राप्त सम्मान से शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए नवीन उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है।

**खबर संक्षेप**

### बेस्ट वार्ड, स्कूल और कॉलेज का किया जाएगा चयन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारी के लिए स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ स्कूल और स्वच्छ कॉलेज का चयन किया जाना है। इसके लिए निगम एक प्रतियोगिता आयोजित करेगा। इस प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय आएगा। उस वार्ड, स्कूल और कॉलेज को रिवॉल्विंग अवार्ड दिया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक 2 माह में किया जाएगा। इसमें वार्डों, स्कूलों एवं कॉलेजों का मूल्यांकन स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंड के अनुसार स्वतंत्र एनजीओ के माध्यम से किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने इसे लेकर सभी स्कूलों के प्रचार्यो की मीटिंग ली। इसमें सहायक जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### निषाद समाज का हरेली महोत्सव 2 को

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज भिलाई नगर परिक्षेत्र महिला प्रकोष्ठ द्वारा हरेली महोत्सव 2 अगस्त को कोहका भिलाई केन्द्रीय छात्रावास निषाद भवन में मनाया जाएगा। इसकी तैयारी जोरों से की जा रही है।इस अवसर पर महिलाओं व बच्चों के लिए कुर्सी दौड़, युवाओं के लिए गेड़ी दौड़ और बुजुर्गों के लिए नारियल फेंक प्रतियोगिता होगी। इस खेल में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को इनाम राशि और प्रतीक चिन्ह प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोमल देव निषाद राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप कहार निषाद भोई समन्वय समिति मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जिला अध्यक्ष निषाद समाज डॉ घनश्याम निषाद, विशिष्ट अतिथि गिरवर बंटी साहू सभापति, भिलाई नगर पालिका निगम महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद और युवा अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार निषाद आदि उपस्थित रहेंगे।

### कराते चैम्पियनशिप में सफल खिलाड़ियों को मिला बेल्ट

**भिलाई।** कारा कु जु बो काई कान फुल कॉन्टेक्ट कराते की जिला स्तरीय ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन वैशाली नगर में किया गया। संस्था के डायरेक्टर सेन्साई गिरी राव के निर्देशन में परीक्षा आयोजित की गई। इस अवसर पर कविता मिश्रा, राजन श्रीवास्तव और शहजाद भाई उपस्थित थे। ग्रेडिंग परीक्षा में खिलाड़ियों को बेसिक, काता, कुमिते, एटीकास, स्टेमिना, एक्सरसाइज़ व फुल कॉन्टेक्ट शैली से फाईट करवाया गया। परीक्षक के रूप में सेम्पाई जे पी राजू, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, भरत लाल साहू, लक्ष्मी तिवारी, अनुज दहाटे, विधि मिश्रा, काजल बेहरा, मुस्कान मुदड़ा उपस्थित थे।

### औषधियों के 251 कलश से गिरनार तीर्थ के मूलनायक नेमीनाथ का अभिषेक

**भिलाई।** आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं सहजानंदी वर्षावास समिति में गिरनार मंडन नेमीनाथ परमात्मा का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। आचार्य विराट सागर की पावन निश्रा में विभिन्न औषधियों के 251 कलशों से परमात्मा का भव्य अभिषेक किया गया। नवकार भवन ऋषभ नगर में आयोजित कर अत्यंत उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। महोत्सव में परमात्मा की श्याम वर्णी प्रतिमा का विभिन्न औषधियों से अभिषेक किया गया।

# भिलाई की धड़कन दल्ली में सुरों के शहंशाह रफी ने जीता था संगीतप्रेमियों का दिल

विमल शंकर झा ▸▸|भिलाई

मोहम्मद रफी की यादें आज भी भिलायंस के जहन में है। रफी ने छग फिल्म के गीत झन मारो गुलेल की भी रिकार्डिंग की थी। हां तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे... जब कभी भी सुनोगे गीत मेरे, संग संग तुम भी गुनगुनाओगे..., चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे, आवाज मैं ना दूंगा.. जैसे हजारों सुरीले गीतों से देश दुनिया के करोड़ों संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाले सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक मोहम्मद रफी को हमसे बिछड़े 45 बरस हो गए। लेकिन लगता ही नहीं कि वे आज हमारे बीच नहीं है। शहर के लोगों को यह जानकर सुखद आश्चर्य हो सकता है कि सुरों के सरताज का इस्पात नगरी सहित छत्तीसगढ़ से गहरा नाता रहा है। करीब 50 साल पूर्व भिलाई आते आते रह गए रफी साहब ने आखिरकार दस साल बाद अपनी मखमली आवाज से फौलादियों का दिल लूट लिया था। कलाकारों और उनके फैन के जेहन में उनके भिलाई की धड़कन दल्ली राजहरा में हुए आखिरी यादगार शो की यादें वर्षों बाद आज भी तरोताजा हैं। 31 जुलाई को उनका दिला का दौरा पड़ने से निधन हुआ था। भिलाई के कलाकार आज भी उन्हें याद करते हैं।

## स्मृति शेष : 31 जुलाई 1980 को दिल का दौरा पड़ने से हुआ था निधन



### भिलाई बुलाने के लिए किया गया भरसक प्रयास

सेल का सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र के कारण औद्योगिक तीर्थ को यह गर्व हासिल है कि यहां बालीवुड की कई हस्तियों की जलवानुमाई हो चुकी है। पार्श्व गायक मुकेश से लेकर सोनू निगम तक अनेक गायक अपने गीतों से लोगों का दिल जीत चुके हैं। तरन्नुम ए बादशाह मो. रफी को भिलाई बुलाने की संगीत प्रेमियों की साध भरसक प्रयास के बाद भी पूरी ना हो सकी। अपने अजीम गायक के से रुबरु होने का उनका यह सपना इस्पातनगरी में तो नहीं, बीएसपी की खनिनगरी दल्लीराजहरा में कुछ साल बाद पूरा हुआ। शहर के लोग आज भी इस यादगार शो को याद्कर भावविभोर हो जाते हैं। आयोजन से जुड़े लोग व कलाकार बताते हैं कि 1974-75 में किसी चैरिटी के लिए मो. रफी के लाल मैदान पावरहाउस भिलाई में स्टेज शो की तैयारी थी। लेकिन पहेल रिकार्डिंग में विलंब फिर अचानक आपातकाल लगने से उनका कार्यक्रम रद्द करना पड़ा था।



### दल्ली राजहरा में मोहम्मद रफी की मखमली आवाज ने बनाया था दीवाना

रफी के प्रेमियों ने बताया कि इसके पूर्व इसी तरह भिलाई में अपने जमाने के मशहूर गायक तलत महमूद का भी शो रद्द होते होते बच गया था। पास बंटने के बाद तलद महमूद के यहां पहुंचने पर आयोजक जब उपस्थित नहीं हो सके तो अन्य संगीत प्रेमियों ने आनन फानन में उनका अविस्मरमणीय शो नेहरु हाउस में कराया था। लेकिन सुरों के सुल्तान मो. रफी को यहां बुलाने का फौलादियों का सपना 5 साल बाद जब भिलाई की धड़कन दल्ली राजहरा में पूरा हुआ तो इस्पातनगरी सहित अंचल के हजारों संगीतप्रेमियों के लिए वह कभी नहीं भूलने वाला कार्यक्रम था। प्रसिद्ध व्यवसायी शांतिलाल जैन द्वारा अकालग्रस्त सहायता और चिकित्सालय निर्माण समिति के बैनर तले रफी की सुरमयी उपस्थिति में दल्ली स्कूल मैदान में 26 अप्रैल 1980 को हुए शंकर जयकिशन नाइट शो की यादें आज भी रफी को करीब से सुनने वाले भिलाई के लोगों के दिलों में तरोताजा हैं।

### दल्ली राजहरा में प्रस्तुति के तीन माह बाद चल बसे थे



मंजूला दास गुप्ता संगीत समिति के स्टार सिंगर विनोद वर्मा बताते हैं कि आर्केस्ट्रा के उस सुनहरे दौर में रफी के शो का आनंद लेने भिलाई सहित पूरे छग से लाखों लोग पहुंचे थे। आयोजक शांतिलाल जैने के मित्र संगीतप्रेमी व वरिष्ठ भाजपा नेता शंकरलाल देवांगन बताते हैं कि रफी के भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए समाज सेवी शांतिलाल जैन ने व्यापक तैयारी की थी। उनके व्यक्तिगत खास बुलावे पर ही मो. रफी यहां आए थे। उनका यह शो आखिरी था, क्योंकि 3 माह बाद 31 जुलाई 1980 को हृदयाघात से वे चल बसे थे।

### छत्तीसगढ़ी फिल्मों में दी अपनी आवाज खूब पसंद किए गए थे गीत

बकौल शंकरलाल देवांगन कार्यक्रम में बीएसपी के मैनेजिंग डायरेक्टर शिवराज जैन सहित लाखों लोग थे। 75 हजार दर्शक तो सिर्फ कुर्सियों में बैठे थे। रफी नागपुर से बीएसपी की इंपाला कार से बाई रोड यहां पहुंचे थे और बीएसपी गेस्ट हाउस में ठहरे थे। सुबह 4 बजे तक हुए कार्यक्रम में उन्होंने अपने गीतों व सहज मेलमिलाप से सभी का दिल जीत लिया था। कलाकार नकुल महलवार बताते हैं कि कहि देबे संदेश के बाद रायपुर के फिल्म निर्माता निर्देशित दूसरी छत्तीसगढ़ी फिल्म घर द्वार के लिए भी मो रफी ने तीन हिट गाने गाए थे। सुन सुन मोर मया पीरा रे, झन मारो गुलाल और गोंदा फुलगे मोरा राजा गीत गया था। इस फिल्म की गीत रायपुर के प्रसिद्ध साहित्यकार हरि ठाकुर ने लिखे थे और दुर्ग के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता स्व. शिवकुमार दीपक ने भी अभिनय किया था।

### मोहम्मद रफी ने छत्तीसगढ़ी फिल्म घर द्वार के तीन गीतों को दिया स्वर

26 अप्रैल 1980 को दल्ली राजहरा में हुआ पार्श्व गायक मो. रफी के जीवन का आखिरी शो कई माएनों में यादगार था। कलाकारों के मुताबिक अल्पवृष्टि से पड़े अकाल के पीड़ितों व अस्पताल निर्माण के लिए दल्ली के प्रतिष्ठित व्यवसायी शांतिलाल जैन आयोजन समिति गठन की पहल की। इतना ही नहीं रफी को शो के लिए तैयार करने में भी उनका योगदान रहा। मुंबई में उनके आफिस के निकट बालीवुड के मशहूर तलवारबाजी स्टंट अभिनेता पी जयराज का घर था जो शांतिलाल जैन के साथ रफी के भी मित्र थे। जैन ने जयराज के साथ जब रफी से अस्पताल व अकाल पीड़ितों के लिए दल्ली में शो के लिए आने का आग्रह किया तो सर्दी जुकाम से पीड़ित होने के बाद भी सामाजिक उद्देश्य सुनकर रफी सहर्ष तैयार हो गए थे। शंकर जयकिशन नाइट के नाम से हुए इस शो में मोहम्मद रफी व तितली उड़ी फैन गायिका शारदा, गायक मन्ना डे, संगतीकार शंकर जयकिशन, अभिनेता पी जयराज सहित 12 गायक व अभिनेता कलाकारों यादगार प्रस्तुति दी थी।

## श्रेय की राजनीति : भिलाई के विकास कार्यों के लिए शासन से जारी हुई राशि

# 9 करोड़ रुपए की लागत से होगा शहर का विकास, श्रेय लेने की मच रही होड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

**पार्षदों का कहना उनके प्रयासों से मिली राशि, विधायक बता रहे उन्होंने दिलाई स्वीकृति**




राज्य सरकार ने नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 1,2 व 3 के विकास के लिए 9 करोड़ 11 लाख 51 हजार रुपए की स्वीकृति दी है। इसकी जानकारी मिलते ही भाजपा नेताओं में मद को लाने का श्रेय लेने की होड़ मच गई है।

वैशाली नगर विधायक के मीडिया प्रभारी ने प्रेस रिलीज जारी कर जानकारी दी है कि विधायक रिकेश के प्रयास से नगरीय प्रशासन और विकास संचालनालय छत्तीसगढ़ सरकार ने वैशाली नगर विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ 11 लाख 51 हजार रुपये की स्वीकृति दी है। यह स्वीकृति विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर मिली है। इसके लिए उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

विधायक रिकेश सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा के विभिन्न वार्डों के लिए सड़क डामरीकरण और पाथवे के लिए उक्त राशि 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत स्वीकृत की गई है। इस राशि से वार्ड-4 नेहरू नगर पूर्व और नेहरू नगर पश्चिम के डामरीकृत मार्गों का उन्नयन, वार्ड-12 रानी अवंती बाई कोहका भिलाई शिक्षक नगर, वॉलीवाल ग्राउण्ड के आस-पास एवं ईदगाह चौक से दादू साहू के घर तक डामरीकरण मार्गो का नवीनीकरण, जोन 1 नेहरू नगर वार्ड-9 राजीव नगर के विभिन्न स्थानों में डामरीकरण, वार्ड-3 विनोबा नगर में मुख्य मार्ग से विनोबा नगर मुक्तिधाम मार्ग के दोनो ओर, रामचंद्र नर्सरी से गायत्री डिपार्टमेंटल मार्ग एवं सूर्या अपार्टमेंट से शिवाजी चौक तक वृक्षारोपण, वार्ड-6 संजय नगर शिव मंदिर से जोशी च्वाईस सेंटर तक डामरीकृत मार्ग का उन्नयन, वार्ड-13 पुरानी बस्ती कोहका जी 9 टावर से राजा गार्डन एवं साकेत नगर में डामरीकरण मार्ग का नवीनीकरण, वार्ड-20 वैशाली नगर में शिव मंदिर से विजय तिवारी घर के सामने तक, सिंधु भवन के सामने एवं त्रिकोर्णा पार्क के तीनों तरफ सड़क डामरीकरण, वार्ड-25 जवाहर नगर एमआईजी लाइन के आस पास मार्ग का डामरीकरण, जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत सड़कों का संधारण (पेच) रिपेयर, वैशाली नगर ईडब्लूएस कॉलोनी में ईडब्लूएस 215 से पोल नंबर 14/57 10 तक डामरीकृत मार्ग का नवीनीकरण, वार्ड-14 शांति नगर में सड़क 23, 24, 25, 26 एवं क्रास सड़क और पोल नंबर 14/307 से पोल नंबर 14/317 तक एवं दशहरा मैदान हनुमान मंदिर के सामने से पोल नंबर 14/596 तक सड़क डामरीकरण, वार्ड-29 वृंदा नगर में पोल नंबर 29/326 से रंजना देवी निवास होते हुए चैता मैदान तक डामरीकरण कार्य, जोन-3 क्षेत्रांतर्गत 18 नंवर रोड के शेष भाग में डामरीकरण, जोन-3 अंतर्गत वार्ड-36 श्याम नगर अंतर्गत जलेबी चौक से राजस्थान होटल तक डामरीकरण, नेहरू नगर चौक, सुपेला चौक, चंद्रा मौर्या चौक, पावर हाउस चौक, खुर्सीपार चौक, छावनी चौक एवं सूर्या मॉल चौक में मार्गों को लेफ्ट फ्री करने, नपानि भिलाई क्षेत्रांतर्गत जामुल ट्रेंचिंग ग्राउण्ड, इंदू आईटी स्कूल के पीछे तथा कुरुद एसएलआरएम सेंटर के समीप प्लांटेशन कार्य, वार्ड-11 फरीद नगर, सुंदर नगर, दुबे डेयरी जुनवानी रोड के पीछे एवं लिम्हा तालाब के चारों ओर पेवर ब्लॉक लगाने, वार्ड 11 फरीद नगर में डामरीकरण शामिल हैं।

### नेता प्रतिपक्ष ने कहा सभी पार्षदों की मांग को सुना गया, प्रस्तावों पर मिली है स्वीकृति

राज्य सरकार से स्वीकृत इसी विकास की राशि को दिए जाने पर नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव को फेसबुक पर बधाई दी है। उन्होंने मीडिया में प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि हम सभी पार्षदों की मांग पर और निगम आयुक्त द्वारा भेजे गए पत्र कमांक 2075 एवं 2073 पर छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व माननीय उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने संज्ञान लिया। उनकी अनुशंसा पर नगर पालिक निगम भिलाई के विकास कार्य के लिए जोन 1,2,3 के अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत प्रस्तावों पर 911.51 लाख की स्वीकृति मिली है।

# रावघाट के 4 हजार बच्चों को मिल रहा मिल्क गिफ्ट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र फौलाद ढालने के साथ शिक्षा और बच्चों के विकास के लिए भी प्रयास कर रहा है। निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत समाज के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए की गयी पहलों ने पिछड़े व दूरस्थ क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। स्कूलों में अतिरिक्त क्लासरूम की व्यवस्था, बाउंड्री वाल निर्माण, शौचालय व स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं व छात्रवास की व्यवस्था शामिल है।युवाओं के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण और महिला सशक्तिकरण के लिए भी अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। शिक्षा व बच्चों के विकास की मुहिम के तहत रावघाट खदान के समीपस्थ गाँवों में गिफ्ट मिल्क योजना बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने में अहम योगदान देने के साथ स्वस्थ समाज के निर्माण और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में एक कारगर प्रयास सिद्ध हो रहे हैं। एनडीडीबी फाउंडेशन फार न्यूट्रिशन (एनएफएन) के साथ समझौता कर रावघाट क्षेत्र के कुल 82 शासकीय विद्यालयों के 4 हजार विद्यार्थियों को प्रतिदिन 200 मिली फोर्टिफाइड दूध का वितरण किया जाता है।

### 2 सौ एमएम फ्लेवर्ड मिल्क की सप्लाई

खदान क्षेत्र के बफर जोन गांवों में विटामिन ए और डी से भरपूर 200 मिलीलीटर फोटऍफाईड फ्लेवर्ड दूध की आपूर्ति और वितरण के लिए सेल–बीएसपी और एनडीडीबी फाउंडेशन फर न्यूट्रिशन (एनएफएन) के बीच मार्च 2023 में एक एमओयू साइन किया गया था, जिसकी शुरुआत सेल अध्यक्ष 18 अप्रैल 2023 को किया था। इस समझौता ज्ञापन के तहत छत्तीसगढ़ के कांकेर, नारायणपुर, मोहला–मानपुर अंबागढ़ चौकी, बालोद जिलों के सरकारी स्कूलों या अन्य स्कूलों के लगभग 4 हजार स्कूली बच्चे गिफ्ट मिल्क योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। परियोजना में रावघाट, महामाया और दुलकी माइंस बफर जोन के गावों को भी शामिल किया गया हैं।

### प्राध्यापक बंटा रहे हाथ

एनएफएन की कार्य गुणवत्ता वाले दूध की आपूर्ति सुनिश्चित करना और चयनित स्कूलों में गिफ्ट मिल्क स्कीम का सुचारू क्रियान्वयन करना और उसका रिकार्ड रखना है। स्कूल के प्रधानाध्यापकों के माध्यम से दूध के दैनिक वितरण और उसके कुल उपभोग की व्यवस्था की गई है। इसके लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त किये गये हैं । वे नियमित अंतराल पर स्कूलों का दौरा कर आपूर्ति किए गए दूध का डेटा/रिकार्ड रखते हैं।

# वॉलीबॉल टूर्नामेंट में डीपीएस की टीमों की शानदार जीत

**भिलाई।** टेक्नो इंडिया स्कूल दुर्गापुर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-2 वॉलीबॉल टूर्नामेंट में भिलाई की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर गर्ल्स टीम अंडर-14 वर्ग ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सीनियर गर्ल्स टीम अंडर-19 ने कांस्य पदक जीता। जूनियर गर्ल्स टीम ने 7-9 सितंबर 2025 तक जागरण पब्लिक स्कूल वाराणसी में आयोजित होने वाले सीबीएसई राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई किया। इस टूर्नामेंट में क्षेत्र भर के शीर्ष स्कूलों ने भाग लिया, जिससे यह जीत और भी प्रतिष्ठित हो गई। हमारे युवा एथलीटों ने पूरे आयोजन के दौरान उत्कृष्ट खेल भावना, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और हमारे समर्पित प्रशिक्षकों, स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। स्कूल प्रबंधन सभी खिलाड़ियों को स्कूल का नाम रोशन करने के लिए हार्दिक बधाई देता है। उनकी जीत ने हमें अपार गर्व और खुशी से भर दिया है।

# धू-धूकर जली कार, दमकल ने बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

दुर्ग जिले के पुलगांव क्षेत्र में रिषभ सिटी के सामने खड़ी कार में बुधवार शाम अचानक एक कार में आग लग गई। आग ने कार को चारों तरफ से घेर लिया। मामले की जानकारी मिलते दी ही दुर्ग से एसडीआरएफ की टीम फायर ब्रिगेड के साथ पहुंची और समय रहते आग पर काबू पाया।

दुर्ग जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलगांव पुलिस के द्वारा उन्हें सूचना मिलती की पुलगांव चौक के पास रिषभ सिटी के सामने एक कार में आग लग गई है। उन्होंने तुरंत दमकल की एक टीम को वहां भेजा। टीम ने जाकर कार सीजी 07 एमए 9197 में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। आग की लपटों ने कार को पूरी तरह से घेर लिया था।



जब तक आग बुझाई जाती कार बुरी तरह से जल गई थी। जानकारी के मुताबिक जिस कार में आग लगी है वो किसी श्रीजय सुख की बताई जा रही है। अग्निशमन कर्मियों ने कार में लगी आग को बड़ी बहादुरी से 1 गाड़ी पानी से कंट्रोल किया। इससे एक बड़ा हादसा होने से टला। आग किस कारण से लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# बीएसपी कर्मियों की पत्नियों को सुरक्षा में मदद करने किया जागरूक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित नागरिक सुरक्षा संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के कर्मचारियों की पत्नियों के लिए विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला हम भी है तैयार का आयोजन एलएंडडी विभाग के सभागार में किया गया। 15 महिलाओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि सीजीएम त्रिभुवन बैठा थे। जीएम मुकुल सहारिया ने कहा कि महिलाएँ भी नागरिक सुरक्षा को लेकर कार्यशाला मेंअधिक संख्या में भाग लेकर सुरक्षा में मदद करें। कार्यशाला का उद्देश्य किसी भी आपदा, विपरीत परिस्थिति व संकटकालीन समय में गृहणियों को धैर्य व हिम्मत के साथ कैसे कार्य करना है, संकट से जूझना व उसका सामना करना, अपना व साथी का बचाव कैसे करना है, पीड़ति को सहारा देना, ट्रांसपोर्ट करना व प्राथमिक उपचार आदि विषयों पर समझ को बढ़ाना है। अतः गृहणियों को नागरिक सुरक्षा संगठन, छत्तीसगढ़ ने लिया है कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

महिलाओं को सुरक्षा उपायों के प्रति जागरुक किया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल महाविद्यालय, नागपुर (राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा महाविद्यालय) से प्रशिक्षित प्रशिक्षक स्वतंत्र कुमार ने घरेलु सुरक्षा, घरेलु उपकरण, विद्युत सुरक्षा पर व्याख्यान दियामास्टर तकनीशियन सुरेन्द्र नंदेश्वर ने बचाव सेवा व नर्सिंग ऑफिसर दिनेश एस ग्वाल ने प्रथमोपचार की जानकारी दी। एसएमएस-3 के कर्मचारियों की पत्नियों ने सुरक्षा कार्यशाला को बहुउपयोगी बताया ।

## सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी

# एसएसपी ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, कैमरे बढ़ाने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

शहर के रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने एसएसपी विजय अग्रवाल पहुंचे। इस दौरान एएसपी अभिषेक झा रेल पुलिस बल, जीआरपी के अधिकारीगण मौजूद थे। रेलवे स्टेशन की सुरक्षा, तकनीकी

- सुरक्षा को लेकर निर्देश भी

निगरानी, साइबर अपराध की रोकथाम को लेकर कई आवश्यक निर्देश एसएसपी ने दिया।

निरीक्षण में एसएसपी स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार से पूर्व अक आधारित फेस रिकग्निशन कैमरा लगाने को कहा गया। जिससे स्टेशन परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान असानी से हो पाए। स्टेशन के अंदर 36 कैमरे स्थापित हैं। जबकि कुल 48 कैमरों का प्रस्ताव था।

शेष कैमरों की स्थापना जल्द होना है, पुराने एवं अव्यवस्थित कैमरों के स्थान पर बुलेट कैमरे लगाने को कहा गया। लिफ्ट सीढ़ी, एस्केलेटर जैसे स्थानों पर कैमरों की उचित ऊँचाई व स्टैंड पर सटीक स्थापना हो। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर में प्रकाश व्यवस्था में सुधार करने को कहा गया है। कैमरे के पीछे लाइट हो, जिससे रिकॉर्डिंग क्लीयर दिखे। जीआरपी और आरपीएफ को संयुक्त रूप से टिकट काउंटरों के आसपास घूम रहे संदिग्धों की चेकिंग करने स्थानीय पुलिस और बीडीएस टीम के सहयोग से मॉक ड्रिल आयोजित करने को कहा है।



### आरपीएफ का भी लॉकअप किया चेक

निरीक्षण में एसएसपी ने आरपीएफ थाने के लॉकअप में गेट पर जाली लगाने, आरपीएफ डेस्क पर पुलिस कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर अंकित करने को कहा है। इसके अलावा नशा करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नशा मुक्ति केंद्र भेजने और जिला पुलिस द्वारा तैयार साइबर जागरूकता, जिंगल्स को स्टेशन पर प्रसारित करने का निर्देश दिया है। एसएसपी ने जिगजैग बेरिकेड्स की सराहना करते हुए कहा कि व्यवस्था को जिले में भी अपनाया जाने को कहा है। आरपीएफ व जीआरपी के लिए समय-समय पर साइबर अपराधों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की भी आवश्यकता बताई है। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने कहा कि रेलवे स्टेशन जैसी संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के सभी आयामों पर सघन कार्य होना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### किसानों को दी उपयोगी जानकारी

**चिचोला।** महाराजपुर सोसायटी में किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, माइक्रो एटीएम एवं प्रधानमंत्री खरीफ फसल बीमा के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को स्प्रेयर से यूरिया का छिड़काव करने के बारे में भी बताया गया। फसल बीमा का अंतिम दिन होने के कारण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान समिति प्रबंधक केजराम यादव आदि मौजूद थे।

### प्रवेश उत्सव में बच्चों का स्वागत

**खड़गांव।** ग्राम में संचालित न्यू ग्रीन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में गुरुवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। स्कूल प्रबंधक की ओर से बच्चों को निःशुल्क गणवेश, पुस्तकें, जूता, बैल्ट और टाई दिया गया। स्कूल के संस्थापक ने बताया कि स्कूल में शिक्षा के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बच्चों को मोटिवेट करने सेमीनार में शामिल किया जाता है।

### छात्रों ने जाना खेती के गुर

**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11 और 12 वी कृषि संकाय के छात्र छात्राओं को प्रायोगिक जानकारी देने की सराहनीय पहल की जा रही है। कृषि संकाय के आचार्य अनमोल पगारे, हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख ने विद्यालय के विद्यार्थियों को कृषि आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए विगत दिनों कृषक संतोष साहू के फार्म में धान रोपाई कराया। इस मौके पर विद्यार्थियों को धान बुआई की विभिन्न विधियों के बारे में बताया गया।

### कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने गत दिनों प्रमुख अभियंता को 6 सूत्री मांगों का लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को रिक्त पदों के विरुद्ध समायोजित कर नियमित वेतनमान देने की मांग की गई है। ज्ञात हो कि ऐसे कर्मचारी जिन्होंने 3 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है और कार्यरत के विरुद्ध पद रिक्त है तो इन कर्मचारियों को सीधी भर्ती से न भर कर दैनिक वेतन भोगियों से नियमितीकरण किया जाए। जिसके लिए जिला स्तर पर समिति गठित की जाएगी जो कलेक्टर की अध्यक्षता में होगी।

### ट्रस्ट की कार्यकारिणी गठित

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के चुनाव में सेवा दल का कब्जा होने के बाद मनोज अग्रवाल अध्यक्ष और पितांबर स्वामी निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए है। चुनाव के बाद ट्रस्ट समिति के अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया है। वर्तमान ट्रस्ट मंडल में अध्यक्ष के रूप में मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, अनिल गट्टानी, कोषाध्यक्ष पितांबर स्वामी, सचिव महेन्द्र परिहार, सह सचिव बबलू शांडिल्य अपनी सेवा देंगे।

### श्रद्धा से मनाया नागपंचमी

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में नाग पंचमी धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य प्रकाश यादव, आचार्य थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज, झुंपा मंडल ने पूजा अर्चना से कार्यक्रम आरंभ किया।

## निर्देश : सड़कों पर घुमंतू पशुओं की समस्या पर प्रशासनिक उच्चस्तरीय हुई बैठक

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, जनसुरक्षा और पशु कल्याण की रणनीति तैयार, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सड़कों पर घुमंतू पशुओं की वजह से हो रही सड़क दुर्घटनाएं और यातायात अव्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेई नागरिकों की जानमाल की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गुरुवार कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की ।

इस बैठक में एडिशनल एसपी ज्योति सिंह, डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कौशिल्या साहू, आरटीओ अरविंद भगत, नगर पालिका सीएमओ, पशुपालन, राजस्व, पुलिस, नगरीय प्रशासन और पंचायत विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों पशुपालन, राजस्व थाना/चौकी प्रभारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। एसएसपी श्री साहू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब जिले में सड़कों पर मवेशियों की उपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह स्थिति केवल यातायात में बाधा नहीं, बल्कि नागरिकों की जान को भी खतरे में डाल रही है। उन्होंने नगर निकायों को तत्काल विशेष अभियान चलाकर सड़कों से घुमंतू पशुओं को हटाने और उन्हें चिन्हांकित आश्रय स्थलों अथवा गौशालाओं में सुरक्षित रूप से रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई पशुपालक अपने मवेशियों को खुले में छोड़ता है, तो उसके खिलाफ पशु



अधिनियमों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय और निर्देशः** बैठक में सभी संबंधित विभागों की भागीदारी से समग्र और बहुआयामी कार्ययोजना पर विचार किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर मवेशियों के विचरण को नियंत्रित कर जनसुरक्षा, पशु कल्याण, यातायात नियंत्रण, और स्वच्छता को सुनिश्चित करना है। बैठक में लिए गए कुछ प्रमुख निर्णय लिए गए जिसमे नगर निकाय विशेष अभियान चलाकर घुमंतू पशुओं को पकड़ेंगे और चिन्हित गोशालाओं अथवा अस्थायी आश्रय स्थलों में सुरक्षित रूप से विस्थापित करेंगे। चिन्हित दुर्घटना स्थलों पर पुलिस गश्त और सीसीटीव्ही निगरानी बढ़ाई जाएगी। जो लोग जानबूझकर अपने पशुओं को खुले में छोड़ते हैं, उनके खिलाफ जुर्माना और अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। ग्राम सभाओं, स्कूलों, जनचौपाल, रेडियो, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से पशुपालकों को स्टाल फीडिंग, पशु प्रबंधन, और पशु अधिनियमों की जानकारी दी जाएगी। संकेतक बोर्ड एवं स्ट्रीट लाइट्स दुर्घटना संभावित मार्गों पर लगाए जाएंगे नरेगा योजना के तहत अस्थायी गौआश्रय स्थलों का निर्माण, समतलीकरण और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**पशु कल्याण से लेकर सूचना प्रबंधन तक का समावेशः** प्रशासन द्वारा तैयार कार्ययोजना में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं को शामिल किया गया है जिसमे घुमंतू पशुओं को गौशालाओं, काजी हाउस, गौ-अभ्यारण्य और अस्थायी आश्रयों में विस्थापित किया जाएगा। पूर्व में संचालित गौ-आश्रय स्थलों की स्थायी समितियों को पुनर्जीवित कर संचालन में सहयोग लिया जाएगा। धार्मिक-सामाजिक संगठनों, कॉरपोरेट्स और एनजीओ के सहयोग से दीर्घकालिक पुनर्वास योजना को क्रियान्वित किया जाएगा।

### आवश्यक संसाधन एवं सेवाएं

काउ-कैचर वाहनों की व्यवस्था सभी नगर पालिकाओं, पंचायतों और निकायों के पास सुनिश्चित की जाएगी। चारा प्रबंधन और पशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉक्टरों की नियुक्ति और अस्पतालों की मैपिंग की जाएगी। घायल पशुओं की तत्काल चिकित्सा सुविधा और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था होगी। पशुपालकों में जागरूकता एवं सामाजिक सहभागिता ग्राम पंचायत, जनचौपाल, स्कूलों और स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से खुले में पशु छोड़ने के दुष्परिणामों को बताया जाएगा। स्टाल फीडिंग के लाभ जैसे बेहतर स्वास्थ्य, फसल सुरक्षा और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के बारे में जानकारी दी जाएगी। सोशल मीडिया, रेडियो और टीवी चैनलों के माध्यम से नियमित जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

### आपातकालीन और सड़क सुरक्षा उपाय

चिन्हित मार्गों पर संकेतक बोर्ड और स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और राजस्व विभाग के समन्वय से दुर्घटना स्थलों पर आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एक केंद्रीकृत सूचना केंद्र की स्थापना की जाएगी, जो सभी घुमंतू पशु घटनाओं, दुर्घटनाओं, और संबंधित सूचनाओं को एकत्रित कर संबंधित विभागों को तत्काल उपलब्ध कराएगा। इस केंद्र में टोल फ्री नंबर, जियो टैगिंग, और पोर्टल आधारित डैशबोर्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### विभागीय जिम्मेदारियों का विभाजन

लोक निर्माण विभाग सड़क सुरक्षा तत्वों को निर्माण में शामिल करना, ठेकेदार की जवाबदेही तय करना। निगरानी दल का गठन, अस्थायी बाड़ों का निर्माण, काउ-कैचर वाहन और चारा व्यवस्था। ईयर टैगिंग, पशु चिकित्सा, नस्ल सुधार और गौशाला प्रबंधन। चारागाह प्रबंधन और पशु आहार व्यवस्था। घायल व्यक्तियों के लिए त्वरित चिकित्सा सहायता। चारागाह की उपलब्धता और अवैध कब्जों से मुक्ति। डेटा संकलन और सूचना समन्वय। वन क्षेत्रों में आवारा पशुओं की निगरानी और चरागाह प्रबंधन। बैठक के अंत में वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आवारा पशुओं की समस्या अब प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सड़कों की सुरक्षा, नागरिकों का जीवन, और यातायात व्यवस्था की सुचारूता सुनिश्चित करना अब समय की मांग है। इस दिशा में सभी विभाग समन्वय से कार्य करें, यह सुनिश्चित किया गया है। साथ ही सामाजिक सहयोग को भी उतना ही आवश्यक माना गया है। यह कार्ययोजना न केवल सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में सहायक होगी, बल्कि पशु कल्याण, शहरी व्यवस्था, और स्वच्छता में भी दीर्घकालिक सुधार लाएगी। बेमेतरा जिले की सड़कों को दुर्घटनारहित, सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासनिक अमला अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 5 वर्ष पूर्ण होने पर डाइट में संगोष्ठी एवं चर्चा सत्र का हुआ समापन

# कौशल आधारित शिक्षा छात्र- छात्राओं को भविष्य के लिए तैयार करता है : खुटियारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला प्रशिक्षण शिक्षा संस्थान डाइट में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के 5 वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष्य में संस्थान के अकादमिक सदस्यों एवं डीएलएड के छात्राध्यापकों के द्वारा संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया था। इस संगोष्ठी एवं परिचर्चा में डाइट के अकादमिक सदस्य एवं डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने भाग लिया। सभी छात्र अध्यापकों को तीन समूहों में बाँटा गया। द्वितीय समूह के छात्राध्यापकों को 21वीं सदी की कौशल आधारित शिक्षा और तृतीय समूह के छात्राध्यापकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षक की नई भूमिका, नीति से कक्षा तक चुनौतियां और संभावनाएं, इन तीनों ही विषयों पर शोध पत्र, केस स्टडी, पोस्टर और व्याख्यान के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया।

समूह 2 के छात्राध्यापकों ने अपने विषय 21वीं सदी की कौशल आधारित शिक्षा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 21वीं सदी में शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं है बल्कि छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना भी है। कौशल आधारित शिक्षा इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एक प्रभावी तरीका है। हम 21वीं सदी की कौशल आधारित शिक्षा के महत्व और इसके क्रियान्वयन की दिशा में कार्य करना है। छात्राध्यापक बलदाऊ ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जिसमें छात्रों को विभिन्न



#### सभी स्तर पर समन्वय और नवाचार अत्यंत आवश्यक

अंत में संस्थान के अकादमिक सदस्य और व्याख्याता जी एल खुटियारे ने चर्चा में भाग लेते हुए और कौशल आधारित शिक्षा की वकालत करते हुए कहा यह छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 का सफल क्रियान्वयन तभी संभव है जब शिक्षक प्रशिक्षण संसाधन उपलब्धता और सामुदायिक सहभागिता को प्राथमिकता दी जाए। नीति से कक्षा तक पहुंचने के लिए सभी स्तर पर समन्वय और नवाचार अत्यंत आवश्यक है। इस महत्वपूर्ण परिचर्चा में संस्थान की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, अनिल कुमार सोनी, डॉ बसुबंधु दीवान, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े, श्रद्धा तिवारी, कीर्ति घृतलहरे सहित डीएलएड द्वितीय वर्ष की छात्र अध्यापक उपस्थित थे।

कौशलों के साथ तैयार किया जाता है। जो उन्हें भविष्य में उनके सफल होने के लिए आवश्यक है। छात्राध्यापक हर्षवर्धन ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करता है।

और उन्हें बदलते हुए समय के साथ अनुकूल बनाने में मदद करता है। कौशल आधारित शिक्षा छात्रों को नौकरी के क्षेत्र में अधिक आकर्षक बनाता है। और उन्हें बेहतर नौकरी के अवसर भी प्रदान करता है। छात्राध्यापक विनय ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा छात्रों को व्यक्तिगत रूप से विकसित करने में मदद करता है। और उन्हें अपने लक्षण को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल भी प्रदान करता है। छात्राध्यापक रवि ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा 21वीं सदी की शिक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करता है। और उन्हें सफल होने के लिए आवश्यक अवसर भी प्रदान करता है। इसे छात्रों और शिक्षकों को कौशल आधारित शिक्षा को क्रियात्मक रूप देने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे और उन्हें भविष्य के प्रतियोगिता के लिए तैयार करना होगा। समूह 2 के छात्राध्यापकों ने पोस्टर के द्वारा 21वीं सदी की कौशल आधारित शिक्षा को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।

#### शिक्षक की भूमिका में आए बदलाव को हमें समझना होगा

तीसरे समूह की छात्राध्यापकों ने अपने विषय नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षक की नई भूमिका, नीति से कक्षा तक, चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर अपनी बात रखते हुए छात्राध्यापकों ने कहा कि इसके लिए शिक्षक की भूमिका में आए बदलाव को हमें समझना होगा। नीति से कक्षा स्तर तक पहुंचने में आने वाली चुनौतियां की हमें पहचान करना होगा। छात्राध्यापकों ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मुख्य विशेषताओं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 5 वर्ष की पूर्णता तथा उसमें शिक्षक के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। छात्राध्यापक हर्ष कुमार मंडावी, ओम प्रकाश, समीर सिंह सिदार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षक की भूमिका चुनौतियां और संभावनाएं सुझाव पर शोध आधारित विचार साझा किया। छात्राध्यापक धीरेंद्र सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 के स्थिति का वर्णन तथा कुछ विद्यालयों के अनुभव व उदाहरण बताए। जहां नई शिक्षा नीति के प्रावधानों को लागू करने के प्रयोग किया गए। छात्राध्यापिका श्रिया कंवर, संध्या, दानेश्वरी, वर्षा ने पोस्टर के माध्यम से नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में महत्वपूर्ण और संपूर्ण विचार, 360 अंश डिग्री समग्र विकास, चुनौतियां और संभावनाओं को विस्तार से बताया। छात्राध्यापक नीतीश तथा छात्राध्यापिका गीतांजलि ने नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए सुझाव दिए।



# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और सशक्त कदम

महिला एवं बाल विकास विभाग के फ्लैगशिप योजना "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावशाली पहल करते हुए परियोजना बेरला में एक माह का आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका समापन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेरला में समारोह के साथ किया गया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को न केवल शारीरिक सुरक्षा के गुर सिखाए गए, बल्कि उन्हें सामाजिक और कानूनी रूप से भी सजग किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को कई विषयों पर जानकारी दी गई जैसे पॉक्सो एक्ट (प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफन्सेस), गुड टच - बैड टच की पहचान, चाइल्ड हेल्पलाइन- 1098 एवं वन स्टॉप सेंटर 181 की उपयोगिता, घरेलू हिंसा और लैंगिक उत्पीड़न से बचाव, बाल विवाह की रोकथाम और इससे जुड़े कानूनी प्रावधान, लैंगिक समानता और मासिक स्वच्छता का महत्व, साइबर क्राइम से सुरक्षा के उपाय, बालिकाओं को आत्मविश्वास से किया गया सशक्त। एक माह तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक द्वारा आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया। बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस और सजगता का संचार हुआ, जिससे वे भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम होंगी।समापन कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश करमाकर, एबीईओ अवधेश उइके, विद्यालय की प्राचार्य पूर्णिमा दास, परियोजना अधिकारी डॉ. विद्यानंद बोरकर (एकीकृत बाल विकास परियोजना बेरला), राजीव कुमार वर्मा (जिला मिशन समन्वयक), जेंडर विशेषज्ञ सेवंतिका एवं तमन्ना, सखी वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक राखी यादव एवं पर्यवेक्षक आरती बंजारे, तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

#### छात्राओं को सम्मान स्वरूप दिए गए प्रशस्ति पत्र

प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों ने बालिकाओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

यह कार्यक्रम न केवल बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, बल्कि समाज में महिला सशक्तिकरण की भावना को भी मजबूती प्रदान करता है। महिला एवं बाल विकास विभाग की यह पहल आने वाले समय में एक सकारात्मक बदलाव की आधारशिला बनेगी।

### सड़क हुई जर्जर आवागमन कठिन

**डोंगरगढ़।** कोलेन्द्रा- रीवागहन मार्ग बारिश होने के बाद काफी खराब हो गया है। इस मार्ग से कोलेन्द्रा, रीवागहन और कातलवाही के बच्चे बेलगांव स्कूल जाते है। सड़क के खराब होने के बाद स्कूल जाने वालों की संख्या कम हो गई। इसी मार्ग से ग्रामीणों को विभिन्न कार्यों के लिए बेलगांव आना जाना पड़ता है। ग्रामीण रोड निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों को आवेदन दे चुके हैं किन्तु किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

## निदान 1100 के प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण

**राजनांदगांव।** मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण कार्यों की बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने तकनीकी अधिकारियों को निदान 1100 के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुक्त विश्वकर्मा ने निदान 1100 से आए शिकायतों के संबंध में जल, विद्युत एवं निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर कहा कि निदान के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करना है। शिकायतकर्ता से जानकारी लेकर स्थल में जाकर वस्तुस्थिति से अवगत होकर निराकरण करें। विद्युत एवं पेयजल संबंधी शिकायतों का स्थल निरीक्षण कर समाधान करें।

उन्होंने सफाई संबंधी शिकायतों में सफाई नहीं होने, कचरा नहीं उठने संबंधी प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने कहा। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसे होते हैं। जिसका त्वरित निराकरण हो सकता है। ऐसे प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। राज्य स्तर पर इसकी समीक्षा की जाती है, इसे गंभीरता से लेकर निदान करें। आयुक्त विश्वकर्मा ने निर्माण कार्यों की समीक्षा में वार्डवार जानकारी लेकर अधोसंरचना, 15वें वित्त आयोग तथा राज्य प्रवर्तित योजना के कार्यों में जारी कार्यादेश के कार्य जल्द प्रारंभ कराने तथा अधूरे कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण कराने कहा। उन्होंने कहा कि जो काम पूर्ण हो चुके हैं, उसका पूर्णता प्रमाण पत्र दें, अप्रांरभ कार्य या अधूरे कार्य के लिए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर कार्य प्रारंभ कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे कार्यों का सतत मानिटरिंग करें। आयुक्त विश्वकर्मा ने अतिक्रमण के संबंध में कहा कि अपने-अपने वार्ड में अतिक्रमण की जानकारी लेकर संबंधित को नोटिस जारी कर कार्रवाई करें।

### सावन में खास उत्साह

**मानपुर।** सावन के दौरान यहां होने वाले जलाभिषेक में दूर-दराज के भक्त शामिल होने आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यहां हर साल महाशिवरात्रि पर मेला और महाप्रसादी का आयोजन होता। नवरात्र में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाता है।

### उज्जैन की तर्ज पर निकाली बाबा की पालकी

**डोंगरगढ़।** श्री महाकाल भक्त समिति द्वारा श्रावण माह के तीसरे सोमवार को बाबा चन्द्र मौलेश्वर की पालकी यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा शहर हर हर महादेव के नारे से गूँज उठा। उल्लेखनीय है कि पंचधातु निर्मित चन्द्रमौलेश्वर बाबा की प्रतिमा उज्जैन से लाकर तारण पीपलेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित किया गया है। पालकी यात्रा तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर रविदास नगर, ठेठवार पारा, डिपरापारा, पशुपति नाथ मंदिर ब्राह्मण पारा, कचहरी चौक, हाईस्कूल चौक, सब्जी मंडी, गोलबाजार, जय स्तंभ चौक, रेल्वे चौक, केदारनाथ मंदिर, बुधवारीपारा, गोल बाजार, भगतसिंह चौक होते हुए वापस तारण पीपलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची।

### हरिभूमि माह जुलाई 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 31 दिन | 5.00 | 155.00 |
| | कुल | 155.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जुलाई 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक







